Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005
Participants : Bisen Shri Gauri Shankar Chaturbhuj

an>

Title : Regarding gauge conversion of Gondia-Jabalpur and Balaghat-Jabalpur rail section in Madhya Pradesh.

श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन (बालाघाट) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण आमान परिवर्तन की तरफ दिलाना चाहता हूं। दो राज्यों को जोड़ने वाली आमान परिवर्तन योजना--कोंडिला से जबलपुर का निर्माण चालू है। यह योजना वा 1998 में प्रारंभ हुई है। इस योजना के तहत 186 किलोमीटर मार्ग का निर्माण होना है लेकिन आज छः वाों में सिर्फ 42 किलोमीटर के मार्ग का ही काम हुआ है। अगर बाकी के 144 किलोमीटर का मार्ग नहीं बनता तो इस योजना का कोई औचित्य ही नहीं रह जाता। दक्षिण पूर्व मार्ग पर इस योजना के बनने के बाद 270 किलोमीटर की दूरी हमें कम तय करनी पड़ेगी जिससे राट्रीय धन की काफी बचत होने वाली है। मैं चाहता हूं कि इस काम को प्राथमिकता से लिया जाये तथा इसमें बजट की किसी प्रकार की कोई कमी न होने दी जाये। इसके साथ-साथ इसका शुभारम्भ अविलंब किया जाये।